Q.25 $Fe^{3+}$ के अष्टफलकीय संकुलों में $SCN^-$ (थैयोसायानेटो-S) तथा $CN^-$ लिगन्ड वातावरणों में, प्रचक्रण–मात्र चुंबकीय आघूर्णों (spin-only magnetic moments) (Bohr magnetons में) का अन्तर (निकटतम पूर्णांक में) है
[Fe की परमाणु संख्या (Atomic number) = 26]

Q.26 दिये गये त्रिपरमाणुक अणुओं/आयनों, $BeCl_2$, $N_3^-$, $N_2O$, $NO_2^+$, $O_3$, $SCl_2$, $ICl_2^-$, $I_3^-$ तथा $XeF_2$, में रेखिक अणु(ओं)/आयन(नों), जिनमें केंद्रीय परमाणु के संकरण में $d$-ऑर्बिटल/ऑर्बिटलों का भागदान नहीं है, की कुल संख्या है
[परमाणु संख्या (Atomic number) : S = 16, Cl = 17, I = 53 तथा Xe = 54]

Q.27 इलेक्ट्रॉन चक्रण का विचार न करते हुये H परमाणु की द्वितीय उत्तेजित अवस्था ($n = 3$) की समभ्रंशता (degeneracy) 9 है, तब $H^-$ की द्वितीय उत्तेजित अवस्था की समभ्रंशता होगी

Q.28 अभिक्रिया $\mathbf{X} \rightarrow \mathbf{Y}$, $\Delta_r G^0 = -193\,\text{kJ mol}^{-1}$ से मुक्त सम्पूर्ण ऊर्जा का उपयोग $\mathbf{M}^+$ के ऑक्सीकरण $\mathbf{M}^+ \rightarrow \mathbf{M}^{3+} + 2e^-$, $E^0 = -0.25\,V$ में होता है। मानक अवस्था में जब **एक** मोल **X** को **Y** में परिवर्तित करते हैं तब $\mathbf{M}^+$ के ऑक्सीकृत होने वाले मोलों (moles) की संख्या है
$[F = 96500\ \text{C mol}^{-1}]$

**कच्चे काम (ROUGH WORK) के लिए खाली स्थान**

